https://www.mpboardonline.com

# त्रैमासिक परीक्षा – 2019
## कक्षा 10 वीं
## विषय – हिन्दी सामान्य

**समय – 3 घण्टे**

**निर्देश:–** **पूर्णांक – 100**

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।
(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1X5=5 अंक निर्धारित है।
(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए दो–दो अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 शब्द है।
(4) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 से 75 शब्द है।
(5) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए चार– चार अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 75 से 120 शब्द है।
(6) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच– पांच अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 120 से 150 शब्द है।
(7) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए शब्द सीमा 200 से 250 शब्द निर्धारित है। (7+3=10) अंक निर्धारित है। खण्ड–अ के 7 अंक तथा खण्ड – ब के लिए 3 अंक है।

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

**प्रश्न 1– दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:–** **1X5= 5**

(1) तुलसीदास का नाता ............................ है। (राम से / कृष्ण से)
(2) ....................... संस्कृति का अंग है। (कर्म / धर्म)
(3) कवयित्री के स्वामी ....................... है। (राम / गिरधर नागर)
(4) 'सरस्वती पत्रिका' ....................... पत्रिका थी। (मासिक / वार्षिक)
(5) बहुज्ञ का विलोम ............ है। (कृतज्ञ / अल्पज्ञ)

**प्रश्न 2– सही विकल्प का चयन कीजिए:–** **1X5= 5**

(अ) घने जंगलों में रहता है अंधेरा–
(1) एक पहर (2) दोनों पहर
(3) आठों पहर (4) चारों पहर

(ब) 'सूखी डाली' में किस समाज का चित्रण है ?
(1) मध्यवर्गीय (2) निम्नवर्गीय
(3) उच्चवर्गीय (4) सभी

(स) यशपाल का जन्म हुआ –
(1) 1980 (2) 1903
(3) 1990 (4) 1986

(छ) 'पत्थर' शब्द
(1) तत्सम (2) तद्भव (3) देशज (4) विदेशी

(घ) बड़ी भाभी है–
(1) बुद्धिमान (2) मूर्ख (3) लाचार (4) बेकसूर

**प्रश्न 3– सत्य / असत्य का चयन कीजिए:–** **1X5= 5**

(1) तुलसीदास के गुरू थे .......... वल्लभदास।
(2) धर्म का अर्थ मन विशेष का आग्रह है।
(3) रेलवे में द्विवेदी को पचास रूपये मिलते थे।
(4) जिसे कोई शोक न हो उसे शोक मुहित कहते है।
(5) 'उपनमन' अव्यवी भाव समास का उदाहरण है।

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

**प्रश्न 4–** सही जोड़ी बनाइये:– 1X5= 5

| | |
|---|---|
| (1) दादा कामरेड | (क) अमिता |
| (2) प्रिय प्रवास | (ख) क्रोधित होना |
| (3) आग बबूला होना | (ग) यशपाल |
| (4) कलिंग की महरानी | (घ) प्रश्न वाचक |
| (5) वाक्य में प्रश्न पूछने पर | (ड.) हरिओम |

**प्रश्न 5–** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए:– 1X5= 5

(1) द्विवेदी जी की उन्नति का मूल कारण क्या था।
(2) हमारे मन को कौन हर लेती है ?
(3) मनमोहन प्रकृति की गोद में कौन बसा है ?
(4) सत् + जन = सज्जन किस संधि का उदाहरण है।
(5) सन्धि मुख्य रूप से कितने प्रकार की होती हैं।

**प्रश्न 6–** हमें दुराग्रह क्यों छोड़ देना चाहिए। 2

अथवा

होशंगाबाद में द्विवेदी जी ने क्या नई उपलब्धियाँ प्राप्त की?

**प्रश्न 7–** अक्षय वट की डाली सूख जाने से एंकाकीकार का सम्राट अशोक के सेनापति का नाम क्या था ? उसने सम्राट से क्या कहा ? 2

अथवा

धर्म का मया हुआ सार क्या है ?

**प्रश्न 8–** गद्य की किन्हीं चार विधाओं के नाम लिखिए। 2

अथवा

कहानी किसे कहते हैं ?

**प्रश्न 9–** उपन्यास के तत्व बताइये। (कोई चार) 2

अथवा

रेखाचित्र अंग्रेजी के किस शब्द का अनुवाद है ?

**प्रश्न 10–** निम्नांकित शब्दों के पर्यावाची लिखिए। (एक – एक)
हवा, नदी, उद्यान, समुद्र 2

अथवा

निम्नांकित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए – (कोई 2)
सूरज, सुबह, प्रेम, नाक

**प्रश्न 11–** निम्नलिखित शब्दों की संधि करते हुए संधि का नाम लिखिए:
(1) सूर्य + उदय = 2
(2) जगत् + नाथ =

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए
(1) उन्नति (2) विद्वान (3) स्वतन्त्रता (4) विष

**प्रश्न 12–** निम्नलिखित वाक्य के लिए एक शब्द लिखिए।
(1) जो सब कुछ जानता हो (2) शरण में आया हुआ। 2

अथवा

निम्नलिखित शब्दों में से समास को पहचान कर उसका नाम लिखिए :
(1) कमलनयन (2) माता – पिता
(3) नवग्रह (4) महात्मा

https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

प्रश्न 13– निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए –
(1) बड़ी दीदी बुद्धिमान हैं।
(2) इस बात की तनिक थोड़ी भी चिंता न करो। 2

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यो में प्रयोग करो।
(1) फूला न समाना
(2) आकाश छूना

प्रश्न 14– अर्थ के अधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं ? एक प्रश्नवाचक वाक्य लिखिए। 2

अथवा

एक सरल वाक्य तथा मिश्र वाक्य लिखिए।

प्रश्न 15– संधि और समास में कोई दो अंतर लिखिए। 2

अथवा

कर्मधारय एवं बहुब्रीहि समास में एक अंतर बताते हुए, एक – एक उदाहारण लिखिए।

प्रश्न 16– मीरा के प्रभु कौन है ? 3

अथवा

कर्मवीर कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

प्रश्न 17– मीरा ने 'राम रतन धन' को अमोलक क्यों कहा है ? 3

अथवा

तुलसीदास जी ने परमहित किसे कहते है?

प्रश्न 18– कर्मवीर कौन – कौन से बड़े काम करके दिखा देते है ? 3

अथवा

कवि ने भारत की कौन – कौन सी विशेषताएँ बतायी है।

प्रश्न 19– अशोक ने कौन सी प्रतिज्ञा की ? 3

अथवा

किस कारण से दादाजी पेड़ से किसी डाली का टूटकर अलग हो जाना पसन्द नहीं करते।

प्रश्न 20– द्विवेदी जी को विद्यार्थी जीवन में किन – किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ? 3

अथवा

उन्नत देश कौन से दो कार्य एक साथ संभालते है?

प्रश्न 21– 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन कार्य द्विवेदी जी को किस प्रकार प्राप्त हुआ ? 3

अथवा

संयुक्त परिवार का प्रतीक प्रस्तुत एकांकी में किसे बताया गया है, और क्यों ?

प्रश्न 22– प्रकृति ने हमें क्या – क्या प्रदान किया है? बताइए। 4

जंगल में भी महामंगल रचा देते हैं 'वे' इस पंक्ति का भाव विस्तार कीजिए।

प्रश्न 23–'आशय स्पष्ट कीजिए 'अव्यवस्थित'चित वाले मनुष्य की सफलता में सदा संदेह रहता है। 4

अथवा

'सूखी डाली' एकांकी का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 24–निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 4

अब लौं नसानी अब न नसैहों।
रामकृपा' भव – निसा सिरानी, जागे पुनि न डसैहों।
पायो श्याम चारू चिंतामनि, उर कर न खसैहों।
स्याम रूप सुचि रूचिर, कसौटी
चित कंचनहि कसैहों।

अथवा

फागुन के दिन चार रे, होरी खेल मना रे।
बिनि करताल पखाबज बाजै, अणहद झणकार रे।
बिनि सुर राग छतीसुं गावै रोम–रोम रंग सार रे।
सील संतोस की केसर छोली,प्रेम प्रीती पिचकार रे।



https://www.mpboardonline.com
https://www.mpboardonline.com

**प्रश्न 25– निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे। प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

विज्ञान ने हमारी कल्पनाओं को वास्तविकता में बदल दिया है। विज्ञान के अविष्कारों से जहाँ एक ओर मनुष्य का जीवन सुखमय बना है, वहीं दूसरी ओर उसके विनाश के नए–नए उपाय भी निकल आए हैं। आज मानव के सामने एक बड़ा प्रश्न उपस्थित हो गया है कि विज्ञान के नित नए अविष्कारों के कारण बदली हुई स्थिति में क्या मानव का अस्तित्व सुरक्षित रह पाएगा ?

**प्रश्न–**

(1) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक लिखिए। 2
(2) हमारी कल्पनाओं को वास्तविकता में किसने बदल दिया ? 1
(3) विज्ञान ने मानव को क्या – क्या दिया है ? 1
(4) सुरक्षित शब्द का विलोम शब्द क्या है ? 1

**प्रश्न 26– निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 5

चाह नहीं सुरबाला के
गहनों में गूँथा जाऊ,
चाह नहीं प्रेमी माला
के बिंध प्यारी को ललचाऊँ।

**प्रश्न–**

(1) पुष्प की चाह क्या है?
(2) पुष्प किसके गहनों में गूँथना चाहता है?
(3) पुष्प किस भूमि की बात कर रहा है ?
(4) 'पुष्प' शब्द का पर्यावाची शब्द लिखिए।
(5) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए।

**प्रश्न 27– शुल्क मुक्ति हेतु अपने प्राचार्य को आवेदन पत्र–लिखिए।** 5

अथवा

अपनी बहन के विवाह समारोह में सम्मिलित होने के लिये अपने मित्र को आमन्त्रण पत्र लिखिए।

**प्रश्न 28– (अ) निम्नलिखित निबंध विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लगभग 200 शब्दों में लिखिए।** 7

(1) वृक्षारोपण
(2) कम्प्यूटर का महत्व
(3) दहेज प्रथा
(4) विद्यार्थी और अनुशासन
(5) स्वच्छ भारत : स्वस्थ्य भारत

**(ब) किसी एक विषय की बिन्दूवार रूपरेखा 50 शब्दों में लिखिए।** 3

(1) विज्ञान की प्रगति
(2) समय का सदुपयोग
(3) राष्ट्रीय एकता
(4) खेलों का महत्व
(5) साहित्य व समाज

——XXX——

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com

https://www.mpboardonline.com